# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B' श्रेणी)
*सम्बद्ध*
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ & Fax : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : digvijayans@gmail.com
: dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांक 04.03.2021

## प्रकाशनार्थ

### आशुतोष शाही व निरमा भारती रहे अवव्ल

दिनांक 4–03–2021 गोरखपुर। दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 3 एवं 4 मार्च तक चलने वाले वार्षिक क्रीड़ा समारोह के समापन के अवसर पर बालक एवं बालिका वर्ग का दौड़, भाला प्रक्षेपण, रिले रेस तथा डिस्कस थ्रो आदि खेलों का आयोजन किया गया जिसमे बालक वर्ग में भाला प्रक्षेपण एवं डिस्कस थ्रो में आशुतोष शाही को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। तथा बालिका वर्ग में 4×400 के रिले रेस, 4×100 रिले रेस तथा 100 मीटर दौड़ में निरमा भारती अव्वल रही।

अन्य खेल गतिविधियों 1000 मीटर दौड़ में सौरभ मिश्रा, 4×400 रिले रेस में आकाश यादव, राजेन्द्र कुमार, प्रमोद कुमार, कृष्ण मोहन, 100 मीटर दौड़ में रितेश यादव को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

वहीं बालिका वर्ग में भाला प्रक्षेपण में दूजा, रिले रेस 4×400 में खुशबू यादव,प्रियंका,कु रुचि तथा निरमा भरती को ,4×100 रिले रेस में ईशा गौण, मोना यादव,निरमा भारती तथा प्रियंका को तथा डिस्कस थ्रो में राधिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

वार्षिक क्रीड़ा समारोह के समापन के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने विजयी प्रतिभागियों को मेडल पहना कर सम्मानित किया तथा उज्ज्वल जीवन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह के खेल आयोजित कराने का उद्देश्य आपके प्रतिभा का पहचान करना एवं आपके व्यक्तित्व को निखारना होता है।

इस अवसर पर क्रीड़ा सचिव श्री अवधेश शुक्ला, डॉ गीता सिंह,डॉ नितेश शुक्ला सहित अन्य शिक्षक तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**डॉ. (शैलेश कुमार सिंह)**
**प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क**